**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 16 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के नजदीक लगभग 3 हजार एकड़ में औद्योगिक निर्माण क्लस्टर स्थापित किया जाएगा। इस पर लगभग 4680 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसे हरियाणा सरकार और राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास निगम के सहयोग से विकसित किया जाएगा।यह जानकारी कल मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई एक अहम बैठक में दी गई। बैठक में नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे।

*************************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा है कि शिक्षा का अधिकार नियम के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली से आठवीं कक्षा के बच्चों की वर्दी के पैसे उनके बैंक खातों में अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक डाल दिए जाएंगे। इन बच्चों को 21 अप्रैल तक मुफ्त किताबें भी दे दी जाएंगी।शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कल शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह जानकारी दी। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत हरियाणा में सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में पहली कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों को दाखिला देना अनिवार्य है। अभी तक 70 प्रतिशत स्कूलों ने उज्जवल पोर्टल के माध्यम से बच्चों की सीटें तय की हैं। बाकि के 30 प्रतिशत स्कूलों ने सीटें जल्द तय नहीं की तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर स्कूलों ने शिक्षा विभाग के नियमों की पालना नहीं की तो उनके खिलाफ मान्यता रद करने का भी कदम उठाया जा सकता है।उन्होंने कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा नियमों के तहत प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को किसी एक दुकान से पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी, स्कूल वर्दी खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। इसी तरह मान्यता प्राप्त स्कूल पांच साल से पहले स्कूल की वर्दी नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा कि इस संबंधी अभी तक शिक्षा विभाग के पोर्टल पर 40 और ई-मेल के माध्यम से 57 शिकायतें की हैं। इन शिकायतों की जांच की जा रही है। अगर स्कूलों की गलती मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*******************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने कहा है कि विधयर्थियों को निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने वालों निजी स्कूलों के खिलाफ जाँच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार कोई भी विद्यालय विद्यार्थियों के अभिभावकों को निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने पर मजबूर नहीं कर सकता। हरियाणा सरकार द्वारा यह कदम अभिभावकों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में उठाया गया है।उन्होंने बताया कि जल्द ही शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर के विद्यालयों में पढ़ाई जा रही पाठ्य-पुस्तकों की जाँच के लिए विशेष उड़नदस्ते गठित किए जाएंगें। जाँच के दौरान यदि कोई विद्यालय शिक्षा विभाग व शिक्षा बोर्ड के निर्देशों की अवहेलना करता पाया जाता है तो उनके खिलाफ बोर्ड द्वारा सम्बद्धता नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इसे शिक्षा के अधिकार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लंघन माना जाएगा।

************************************************************************

हरियाणा सरकार ने बल्लभगढ़ के सेक्टर-3 में बनाए गए नए स्कूल भवन में कक्षाएं शुरू करने की मंजूरी दे दी है। स्कूल में कल से कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें उन विद्यार्थियों को राहत मिलेगी जिन्हें अभी तक अंबेडकर चौक स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल में अंग्रेजी माध्यम के कारण दाखिला नहीं मिल पा रहा था। अब हिंदी माध्यम के इस नए विकल्प के जरिए अधिकतर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी।

************************************************************************

मौसम परिवर्तन के चलते जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है मिटटी के मटके अथवा बर्तन बनाने वालों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। उन्हें मटकों की खरीददारी शुरू हो गई है।जींद में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले एक कारीगर ने आकाशवाणी समाचार को बताया की फ्रीज़र के पानी से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए मटकों की मांग बढ़ी है।

1- बाइट -कारीगर मटका -14 सेकंड

उन्होंने कहा कि संस्थाएं सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ के रूप में मिट्टी के बने हुए मटके ही प्रयोग करते हैं।

मिट्टी के मटके बेच रही एक लड़की कीर्ति ने कहा–

2- बाइट - कीर्ति मटका सेलर -14 सेकंड

उसने कहा कि इस बार उन्हें अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है।

************************************************************************

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बिजली विभाग की खामियों के चलते बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर पर 3 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है और शिकायतकर्ता को 3 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति देने के आदेश दिए हैं।